**Ans. (c) :** राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009, के प्रावधानों के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद में अधिकतम 8 व्यक्ति नाम निर्दिष्ट किये जा सकते हैं।

**203. राजस्थान में पंचायती राज पद्धति को अपनाने की तिथि है**

(a) 26 जनवरी, 1957 (b) 24 अप्रैल, 1993
(c) 2 अक्टूबर, 1959 (d) 15 अगस्त, 1958

**RPSC-2011**

**Ans. (c) :** राजस्थान में पंचायती राज व्यवस्था सर्वप्रथम 2 अक्टूबर 1959 में नागौर जिले में लागू किया गया यह भारत में स्वाशासन की व्यवस्था है। इसकी संस्तुति बलवन्त राय मेहता कमेटी ने की थी।
इस प्रणाली के तीन स्तर है।
1. जिला परिषद (जिला स्तर)
2. मंडल/समिति/पंचायत समिति (ब्लॉक स्तर)
3. ग्राम पंचायत (ग्राम स्तर)
वर्तमान में पंचायती राज व्यवस्था नागालैण्ड, मेघालय, मिजोरम को छोड़कर सभी राज्यों और दिल्ली को छोड़कर सभी केन्द्रशासित प्रदेशों में मौजूद है।

**204. यदि कोई पंचायत राज संस्था अपनी अवधि समाप्त होने से पूर्व भंग कर दी जाती है, तो उसका निर्वाचन ........... होना चाहिए।**

(a) विघटन से तीन माह के अंदर
(b) विघटन से छः माह के अंदर
(c) विघटन से एक वर्ष के अंदर
(d) कभी भी

**RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II**

**Ans. (b) :** यदि कोई पंचायत राज संस्था अपनी अवधि समाप्त होने से पूर्व भंग कर दी जाती है तो उसका निर्वाचन विघटन से 6 माह के अंदर होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। इन संशोधनों के द्वारा संविधान में दो नए भागों को शामिल किया गया – भाग-9 'पंचायत' तथा भाग-9क 'नगरपालिकाएँ'।

**205. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्राम सभा का कार्य नहीं है?**

(a) जनजाति कल्याण (b) ग्रामीण स्वास्थ्य
(c) जल योजना (d) जनगणना

**वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I**

**Ans. (d) :** देश की सबसे निचले स्तर की लोकतांत्रिक सदन के रूप में ग्राम सभा का मुख्य कार्य ग्रामीण स्वास्थ्य, कल्याणकारी योजनाएँ, जनजाति कल्याण,जल सम्बंधी योजनाएँ बनाना तथा इन योजनाओं के लाभर्थियों की पहचान करना। जबकि जनगणना सम्बधी कार्य संविधान के अनुच्छेद 246 के अन्तर्गत केन्द्रीय गृह मंत्रालय करवाता है, जिसका उच्चतम अधिकारी महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त कहलता है।

**206. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य नगरीय निकायों का नहीं है?**

(a) जनस्वास्थ्य एवं सफाई (b) अग्निशमन
(c) गरीबी निवारण (d) आबकारी नियमन

**RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022**

**Ans. (d) :** 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन अधिनियम 19 के अधीन (पंचायतो एवं नगरपालिकाओं) स्थानीय निकायों को संवैधानिक स्थिति प्रदान की गई। अनुच्छेद 243 छ (ग्यारहवीं अनुसूची) के अधीन ग्राम पंचायतो को 29 विषयो तथा अनुच्छेद 243 ब (बारहवीं अनुसूची) के अधीन नगर निकायो को 18 विषयों पर अधिकार प्रदान किया गया। नगरीय निकाय के कार्यो के अन्तर्गत नगरीय योजना, सड़के, पुल, नगरीय वानिकी, नगरीय निर्धनता उन्मूलन सांस्कृतिक-शैक्षणिक, शवदाह, कब्रिस्तान, अग्निशमन, जनस्वास्थ एवं सफाई आदि शामिल है। आबकारी नियमन राज्य सरकार के अन्तर्गत आता है।

**207. देश में त्रि-स्तरीय पंचायती राज प्रणाली को प्रारंभ करने वाला राजस्थान ........... राज्य था–**

(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चौथा

**स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)**
**Head Cleark Combined Exam-2018**

**Ans. (a) :** देश में त्रि-स्तरीय पंचायती राज प्रणाली को प्रारम्भ करने वाला राजस्थान प्रथम राज्य था। 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा देश की पहली त्रिस्तरीय पंचायत का उद्घाटन किया।

**208. पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव लड़ने के लिये न्यूनतम शैक्षिक योग्यता तय करने वाला पहला राज्य कौन सा है?**

(a) राजस्थान (b) आंध्र प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) कर्नाटक

**Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018**

**Ans. (a) :** पंचायती चुनावों में शैक्षिक योग्यता लागू करने वाला पहला राज्य राजस्थान है। पंचायती राज के दूसरे संशोधन-2014 के द्वारा लाये गये अध्यादेश ने राजस्थान के पंचायती चुनावों में स्थानीय निकाय के लिए 8वीं पास तथा अन्य चुनावों-प्रधान, जिला प्रमुख इत्यादि हेतु 10वीं पास की योग्यता निर्धारित की थी। इसे वर्ष 2019 में समाप्त कर दिया गया।

**209. राजस्थान पंचायती राज व्यवस्था में शासन प्रणाली की व्यवस्था क्या है?**

(a) ग्राम स्तर पर स्थानीय स्वशासन की एकस्तरीय संरचना
(b) ग्राम और खंड स्तर पर स्थानीय स्वशासन की द्विस्तरीय संरचना
(c) ग्राम, खंड और जिला स्तर पर स्थानीय स्वशासन की त्रिस्तरीय संरचना
(d) ग्राम, खंड, जिला और राज्य स्तर पर स्थानीय स्वशासन की चतुःस्तरीय संरचना

**MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021**